<u>प्रेस नोट</u>

पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 11.11.2026 को जनपद में अपराधियों के विरुद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः

- थाना रनियां पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 211/2026 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. शीलू यादव पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम हृदयपुर थाना शिवली कानपुर देहात व 2. शिवम पुत्र अशोक यादव निवासी ग्राम गोधनपुरवा थाना रनियां जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

- थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 438/2026 धारा 103(1) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. अंश उर्फ बड़े द्विवेदी पुत्र श्याम सुन्दर उर्फ छुनान दुबे व 2. जितेन्द्र उर्फ हग्ग पुत्र गिरीश निवासीगण ग्राम भीतरगांव, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 36 व्यक्तियों के विरुद्ध थानावार क्रमशः जिसमें थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों, थाना रूरा पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों, थाना गजनेर पुलिस द्वारा 05 व्यक्तियों, थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना मूसानगर पुलिस द्वारा 05 व्यक्तियों, थाना देवराहट पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों, थाना डेरापुर पुलिस द्वारा 07 व्यक्तियों, थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा 06 व्यक्तियों, थाना शिवली पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति का धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत चालान किया।